संक्षिप्त

शिक्षक संघ राष्ट्रीय की बैठक संपन्न

करौली । राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीयजिला शाखा करौली की बैठक राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय ट्रक यूनियन मे रविवार को प्रातः 10:00 बजे प्रवासी कार्यकर्ता देवेंद्र प्रसाद शर्मा धौलपुर कि पर्यवेक्षण में आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि बैठक कि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक कुमार द्वारा कि गई सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्रपट दीप प्रज्जलन कर वंदना कि गई बैठक में करौली,मासलपुर हिंडौन एवं मंडरायल के पदाधिकारी ने भाग लिया प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन के सफल कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की गई नव वर्ष कार्यक्रम आयोजन करने सामाजिक समरसता दिवस मनाने के पर बैठक में विस्तार से चर्चा हुई बैठक में सूरज प्रकाश मित्तल, मुखराज मीना, समय सिंह मीणा, नितिन,सिंगला सिंह,ओमप्रकाश गुप्ता,राम भजन जाटव,नरेंद्र सिंह असलम खान मजरूद्दीन खान,रामराज मीणा, बत्ती लाल मीणा, राधेश्याम गुर्जर के अलावा जिला शाखा के पदाधिकारी ने भाग लिया बैठक का संचालन जिला मंत्री गिरधारी लाल ने किया।

विधानसभा घेराव आज

करौली । भाजपा सरकार के मंत्री द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्रीमती इन्दिरा गांधी पर अमर्यादित टिप्पणी एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा समेत वरिष्ठ 6 कांग्रेस विधायकों को सदन से निलंबित करने, भाजपा के मंत्रियों द्वारा विवादित बोल व भाजपा सरकार की हठधर्मिता के विरोध में आज सोमवार को विधानसभा घेराव कर विरोध-प्रदर्शन किया जायेगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवराज मीणा ने बताया कि धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में सांसद, जिले के समस्त विधायक, पूर्व विधायक, जिला प्रमुख, प्रधान पूर्व प्रधान, सभापति, जिला परिषद सदस्य पंचायत समिति सदस्य वार्ड पंच, समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, जिला कांठोस कमेटी कार्यकारिणी, ब्लॉक कांठोस कमेटी कार्यकारिणी, अग्रिम संगठनों और प्रकोष्ठों के अध्यक्ष उनकी कार्यकारिणा, पार्षद सहित समस्त कांठोस कार्यकर्ता भाग लेंगे।

राजस्थान ने मध्य प्रदेश को हराया

सूरौठ। सूरौठ कस्बे के गांधी स्मारक मैदान में सर्व समाज के सहयोग से चल रही राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग बॉल प्रतियोगिता के दौरान रविवार को कई रोमांचक मैच हुए। दूधिया रोशनी में कराए गए मेचों को देखने के लिए सूरौठ कस्बे सहित क्षेत्रीय लोगों का हुजूम उमर पाड़ा। जिला शूटिंग बॉल संघ के सचिव विश्राम मीणा, प्रमोद तिवाड़ी, नरेंद्र बाबा एवं जाकिर हुसैन ने बताया कि रविवार को सुबह 8:00 बजे से शुरू किए गए लीग मैच राजस्थान एवं मध्य प्रदेश के मध्य खेला गया जिसमें राजस्थान की टीम 2-1 से विजयी रही। इसके अलावा दिल्ली एवं हरियाणा के मध्य हुए मैच में दिल्ली की टीम ने 2-0 से विजयी हासिल की। उत्तर प्रदेश (इकरार) एवं उत्तराखंड के मध्य हुए मैच में उत्तर प्रदेश इकरार 2-0 से जीती।। सुपर सिक्स में हुए मैच में पहला मैच राजस्थान एवं दिल्ली के मध्य खेला गया जिसमें राजस्थान 2-1 से विजयी रही। प्रतियोगिता का फाइनल मैच दूधिया रोशनी में रात्रि में किया जाएगा।

आर्मस एक्ट में एक जना गिरफतार

गंगापुर सिटी । पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 315 बोर का देशी कट्टा बरामद किया है। एसपी ममता गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। उदई मोड थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी। मुखबिर ने बताया कि रीको एरिया में एसएफएस स्कूल के पास रेलवे पुलिया के नीचे एक संदिग्ध व्यक्ति खडा है। थानाधिकारी राजबीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। आरोपी ने काली टी-शर्ट और नीली जींस पहन रखी थी। पुलिस को देखते ही वह तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस ने उसे पकड लिया और तलाशी ली। आरोपी की पैंट की दाईं जेब से बिना लाइसेंस का देशी कट्टा मिला। पुलिस ने चमनपुरा कॉलोनी निवासी सोहिल पुत्र फकरे आलम पठान को गिरफ्तार कर लिया। उस पर आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत कार्रवाई की गई है। कार्रवाई में थानाधिकारी राजवीर सिंह, हेड कॉन्स्टेबल मुरारीलाल, कॉन्स्टेबल अकलेश, राजेंद्र सिंह, सुमरन सिंह और ड्राइवर वीरेंद्र सिंह शामिल रहे।

जिला प्रभारी मंत्री ने ली बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक

■ बजटीय घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

भरतपुर (निस)। जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी सुरेश सिंह रावत ने बजट घोषणा 2025-26 के क्रियान्वयन को लेकर रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि हमारे गत वर्ष की बजट घोषणाऐं धरातल पर क्रियान्वयन हो रही हैं। वर्तमान बजट विकसित राजस्थान 2047 विजन को ध्यान में रखते हुये पेश किया गया है।

उन्होंने बजटीय घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी समर्पण-निष्ठा के साथ राज्य सरकार की घोषणाओं एवं लक्ष्यों को तय समय में पूरा करें। उन्होंने कहा कि गुड गवर्नेंस का मॉडल स्थापित करके आमजन की सेवा करना राज्य सरकार का प्रमुख ध्येय है। बजटीय घोषणाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर कार्यवाही लंबित नहीं होनी चाहिए। बैठक के बाद प्रभारी मंत्री ने पत्रकारों से वार्ता की। जिसमें विधानसभा में चल रहे गतिरोध और पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी पर टिप्पणी पर उन्होंने कहा कि अर्थ का अनर्थ निकालकर विपक्ष को बयानबाजी करना शोभा नहीं देता है। इनके पास कोई मुददा नहीं है।

जनता का ध्यान आकर्षित करने के लिए इस प्रकार का नाटक कर रहे हैं। दादा दादी नाना नानी पारिवारिक शब्द हैं। कई बार विधानसभा में हंसी मजाक के माहौल में ऐसे शब्द बोल दिए जाते हैं। लेकिन इन्हैं लेकर मुददा नहीं बनाना चाहिए। भगवान विपक्ष को सदबुद्धि दे। उन्होंने कहा कि जनता ने विधायकों को चुन कर इसलिए भेजा है कि वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करें। जल जीवन मिशन योजना पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का घर घर पानी सप्लाई करने का विजन है। लेकिन पूर्व कांठोस सरकार के कार्यकाल के दौरान जल जीवन मिशन योजना के हर टेंडर में घोटाला हुआ। जिसके कारण कई अभियंता जेल गए। जिसके चलते योजना का कार्य भी प्रभावित हुआ।

जिसके चलते योजना को आगामी 2028 तक के लिए बढाया गया है। उन्होंने कर्मशिला को लेकर कहा कि कर्मशिला भरतपुर में मिनी सचिवालय के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि घर का भी जब नक्शा बनाते है तो उसमें भी कई बार चेंज करना पडता है। इसी प्रकार कर्मशिला प्रोजेक्ट में थोडा समय लग रहा है लेकिन इसे भी जल्द पूरा कराया जाएगा।

विकास कार्यों का निरीक्षण : जल संसाधन मंत्री और जिला प्रभारी सुरेश सिंह रावत ने रविवार को जिले में चल रहे शहरी विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने अटल काया कल्प और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत 2.0) के तहत निर्मित सेवर कुंडा लगभग 2 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने भरतपुर साइनबोर्ड की साइज बडी करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने आरयूडीआईपी द्वारा 7.5 करोड़ रुपए की लागत से बृजेन्द्र बिहारी कुण्डा सेवर किए जा रहे कार्यों में कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बृजेन्द्र बिहारी कुण्डा सेवर में आमजन की सुरक्षा की दृष्टि से रेलिंग लगवाने और गार्ड व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने बृजेन्द्र बिहारी कुण्डा सेवर के निकट वैष्णो माता मन्दिर की सीडियां निर्माण करने एवं सौंदर्यीकरण के कार्य को गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिए साथ ही आमजन के लिए पर्यटन की दृष्टि से विकास कार्य करें। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव, उपखण्ड अधिकारी राजीव शर्मा, आरयूआईडीपी के राजुल शर्मा, नगर निगम के लवकुश धाकड, जनप्रतिनिधि भगवानदास, बृजेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा जिला अध्यक्ष का स्वागत

करौली । भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन का करौली के होटल सिद्धि विनायक में किया स्वागत।

भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन का करौली के गणमान्य नागरिकों द्वारा होटल सिद्धि विनायक के संचालक वीरेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष का स्वागत माला एवं मदन मोहन बंसी वाले की तस्वीर भेंट करके स्वागत किया गया। एवं वीरेंद्र शर्मा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का मिठाई कराकर मुंह मीठा किया।

इस अवसर पर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा द्वारा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन का माला पहनाकर स्वागत किया गया एवं जिला अध्यक्ष बनने पर उनको हार्दिक बधाई दी और उन्होंने विश्वास जताया कि गोवर्धन सिंह के करौली भारतीय जनता पार्टी का जिला अध्यक्ष बनने पर करौली में भाजपा बहुत मजबूत होगी।जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह द्वारा अनिल शर्मा को भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से जोड़ने पर उनको धन्यवाद दिया एवं उनका माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया।

सार-समाचार

ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

करौली । राजकीय प्राथमिक विद्यालय ईडर का पुरा धौरेटा पंचायत समिति मंडरायल को उच्च प्राथमिक विद्यालय में क्रमोन्नत करने की मांग को लेकर ठामीणों ने विधायक सपोटरा को ज्ञापन सोपा है । रविवार कलेक्ट्रेट करौली में प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भाग लेने आए सपोटरा विधायक हंसराज मीना को ईडर का पुरा (धौरेटा) के ठामीणों विद्यालय क्रमोन्नित का ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन देने वाले नारायण माली, बटुआमाली, बाबूलाल ,हरिसिंह, रामपाल, श्रीनिवास, दशरथ, उमेश, फूलसिंह, चिरंजी, कमर सिंह, बनवारी, विष्णु, महेश, युवराज, धर्मसिंह, हरेंद्र राम सिंह माली, गंगाराम प्रजापत, देवेन्द्र सिंह ने ज्ञापन में बताया गया है कि एक हजार आबादी वाले गांव में 140 परिवार माली समाज अन्य पिछड़ा वर्ग के निवास करते है गांव के विद्यार्थी 5 किमी दूर धौरेटा तथा 6 किमी दूर मंडरायल पड़ता है। दोनों कच्चे रास्ते है तथा मध्य में बरसाती नाला पडता है उच्च प्राथमिक स्कूल नहीं होने से बालिकाएं बीच में ही पढ़ाई छोड़ देती है जिससे बच्चो का भविष्य अंधकार में है राजकीय प्राथमिक विद्यालय ईडरपुरा वर्ष 2002 से संचालित है वर्तमान सत्र 2024-25 में 102 नामांकन है जिनमे कक्षा 5वी के 22 विद्यार्थी अध्ययन रत है गांव के परिक्षेत्र के दो विद्यालय राजकीय प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर, राजकीय प्राथमिक विद्यालय टोकेपुरा आते है जिनके विद्यार्थी भी अध्ययन के लिए ईडरपुरा आ सकेंगे विगत कई वर्षों से विद्यालय क्रमोन्नित की मांग कर रहे है आगामी सत्र में विद्यालय क्रमोन्नत हो तो विद्यार्थी लाभान्वित हो सकेंगे।

भविष्य में संगठन की मजबूती का जताया विश्वास

गंगापुर सिटी । हाल ही राजस्थान प्रदेश संगठन पर्व सदस्यता अभियान 2024 के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक चुनावों के अंतर्गत निर्धारित निर्वाचन प्रक्रिया के माध्यम से राजस्थान प्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड को पुनः राजस्थान प्रदेश भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर भारतीय जनता पार्टी गंगापुर सिटी से जुडे प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों, जिला व शहर मंडल के पदाधिकारियों, समस्त प्रकोष्ठों व मोर्चो के पदाधिकारियों, समस्त शक्ति केंद्र संयोजकों, समस्त बूथ अध्यक्षों सहित समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया। उक्त संदर्भ में भाजपा जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, सभापति शिवरतन अग्रवाल व शहर मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास द्वारा संयुक्त रूप से संगठन में कार्य करने के संदर्भ में अनुभवी और सहज स्वभाव के धनी मदन राठौड के पुनःभाजपा प्रदेशाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर आगामी भविष्य में संगठनात्मक तौर पर पार्टी को अधिक मजबूती और कार्यकर्ताओं को अधिक सशक्तता से कार्य करने का पूर्ण विश्वास जताया गया। भाजपा विधानसभा मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि हर्ष व्यक्त करने वाले भाजपा पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं में अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अंजू जाटव, निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धनसिंह मावई, महेन्द्र दीक्षित, उदय सिंह गुर्जर, मंजू सिंघल, पूर्व सभापति हरिप्रसाद बोहरा, सूरजमल जाट, रामसिंह खटाना, मनोज बंसल, डॉ.हेमंत शर्मा, जगदीश गिरी, उपसभापति वीरेंद्र शर्मा पुजारी, गिरधारी सोनी, योगेंद्र शर्मा शिवपुरी, मनमोहन बजाज, भाजयुमो जिलाध्यक्ष नागेश लोढी, धनेश शर्मा, ओमी कटारिया, विनोद अटल, जमना लाल वैष्णव, एडवोकेट नवीन शर्मा, प्रदीप सरकार, गौरन्ती मीणा, राधा दीक्षित, उर्मिला गुर्जर, पूर्व सभापति संगीता बोहरा, गोविंद गुप्ता, कमलेश महावर, कौशल बौहरा, गोपाल धामोनिया, संजय गोयल, सुरेन्द्र मित्तल, वेदप्रकाश शर्मा, चिरंजी लोधा, करण लोधा, वेदप्रकाश सोनवाल, रामबाबू शर्मा, हीरा सिंधी सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हैं।

जाटव समाज की कार्यकारिणी का गठन

■ नवीन कार्यकारिणी का किया गठन, नेमीचंद जाटव बने अध्यक्ष

हिण्डौन सिटी । जाटव समाज के तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन को लेकर रविवार को डॉ. बीआर अंबेडकर मानव सेवा समिति की बैठक स्टेशन रोड स्थित जाटव छात्रावास में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।

तत्कालीन अध्यक्ष अमर सिंह बाबा ने बताया कि डॉ. बी. आर. अम्बेडकर मानव सेवा समिति हिण्डौन के तत्वावधान में जाटव समाज के तृतीय सामूहिक सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक हुई। जिसमें सम्मेलन की तैयारी पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से नेमीचंद जाटव को अध्यक्ष, ओमप्रकाश सुमन को महामंत्री, नवल किशोर को कोषाध्यक्ष, शांतिलाल करसोलिया को वरिष्ठ उपाध्यक्ष महामंत्री बनाया गया।

इसी प्रकार देशराज जाटव, मुरारी लाल जाटव को उपाध्यक्ष, रिंकू खेडी हेबत को मंत्री, शेरसिंह सुमन को सह कोषाध्यक्ष, मदन मोहन भास्कर को प्रचार मंत्री, मिठुन लाल, राजाराम करसोलिया को सह प्रचार मंत्री, अश्विनी पार्षद व दिनेश चंद्र जाटव को प्रवक्ता, विजेंद्र सिंह नागावत को संगठन मंत्री, प्रताप सिंह को सह संगठन मंत्री, विमलेश देवी व उर्मिला देवी को महिला मंत्री, रघुवीर सिंह व प्यारेलाल पोहिया को विधि सलाहकार बनाया गया है। इसी प्रकार गोपाल फौजी, अमर सिंह बाबा, भगवत राम, शिवचरण, गंगाराम जाटव, राम प्रसाद भूपेश्वर, लाखन ठेकेदार, हट्टीराम ठेकेदार, रामदयाल जाटव, सुगर लाल, प्रेमचंद जाटव को संरक्षक मंडल में शामिल किया गया है। 26 को होगा कार्यालय उद्घाटन - नवनियुक्त अध्यक्ष नेमीचंद ने बताया कि समिति की आगामी बैठक 26 फरवरी को सुबह 11 बजे खरेटा रोड पर होगी। उसी दिन खरेटा रोड पर श्री साई हॉस्पिटल के सामने समिति के कार्यालय का उद्घाटन होगा। बैठक में सम्मेलन की तिथि और स्थान को लेकर चर्चा की जाएगी।

जागरूकता कार्यक्रम होगे

करौली । राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों में तंबाकू दुष्प्रभावों की जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विद्यार्थियों को तंबाकू दुष्प्रभावों के बारे में जागरुक कर तंबाकू सेवन करने की शपथ दिलाई जाएगी। सीएमएचओ डॉ.दिनेश चंद मीना ने बताया कि तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की जागरूकता के लिए जिला स्वास्थ्य समिति के सहयोग से श्री कृष्ण शिक्षा समिति द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन जिले के 280 विद्यालयों एवं 15 महाविद्यालय में किया जाएगा। जागरूकता कार्यक्रम में जागरूकता परक आईईसी सामठी प्रदर्शन,पंपलेट वितरण और 9 इंडिकेटर्स की पालना सहित जागरूकता परक प्रतियोगिताओं का आयोजन विद्यालयों में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यालयों में तंबाकू सेवन करने वाले जागरूक होकर तंबाकू व तंबाकू उत्पादों का सेवन छोड़ने के लिए प्रेरित होंगे, तंबाकू उत्पादों के सेवन से आज की पीढ़ी ठासित होती जा रही है, जिससे कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी का खतरा बढ़ रहा है।

भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात

करौली (निं.सं.)। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन कि बात कार्यक्रम के 119वे संस्करण को करौली के सर्किट हाउस में भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में टीवी के माध्यम से सुना और देखा गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि करौली जिले के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन एवं करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर रहे विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव एवं लोकसभा प्रत्याशी इंदु देवी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत कि अंतरिक्ष यात्रा की उपलब्धियों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समेत कई अहम मुद्दों पर बातचीत की है। दुनिया ने भारत कि प्रगति की खूब सराहना कीश् अगले महीने 8 मार्च को श्अंतरराष्ट्रीय महिला दिवसश् है। यह हमारी नारी-शक्ति को नमन करने का एक विशेष अवसर होता है। हमारी संस्कृति में बेटियों का सम्मान सर्वोपरि रहा है। आने वाले कुछ ही दिनों में हम राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने जा रहे हैं। हमारे बच्चों का युवाओं की विज्ञान में दिलचस्पी और जुनून होना बहुत मायने रखता है। पीएम मोदी इसके जरिए सामाजिक जागरूकता, `शिक्षा, स्वच्छता, खेल, विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में उपलब्धियों, सरकार की विकास योजनाओं, और भारत की वैश्विक स्थिति जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हैं। न केवल बड़े राष्ट्रीय मुद्दों पर बात होती है, बल्कि स्थानीय और सामाजिक परिवर्तन को लेकर हो रही कोशिशों का भी जिक्र होता है। इस दौरान प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक सिंह धाभाई, जिला महामंत्री धीरेंद्र बैंसला,हरि सिंह बेरवा, विधानसभा संयोजक योगेश शर्मा, सीमा शुक्ला,पूर्व जिला अध्यक्ष शिवकुमार सैनी,रमेश राजोरिया,मन की बात कार्यक्रम जिला संयोजक वीरेंद्र मित्तल,विद्या वैष्णव,पुष्पेंद्र बंसल,मासलपुर मंडल अध्यक्ष बालकृष्ण पनवारिया,मान प्रकाश शुक्ला,बृजेश गुरु,मंडल महामंत्री तेजेंद्र सिंह,नितेश महावर,धन सिंह चैहान,कपिल मित्तल,अजय पाल,मुकेश पचैरी,दशरथ गुर्जर,सुमित गर्ग,नरेश लोधा,के के सारस्वत आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शिविर में 70 से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया

भरतपुर (निस)। मेट्रोमास अस्पताल एवं खण्डेलवाल वैश्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण के संबंध में परिचर्चा स्टार हैल्थ इंश्यारेंस के अधिकारी विनोद खण्डेलवाल एवं उनकी टीम के सहयोग से लगाया गया एवं चिकित्सा परामर्श शिविर मैट्रोमास अस्पताल के सीनीयर डॉक्टर राकेश रंजन ने बताया कि हमारे शरीर में हड्डी एवं ज्वॉइन्ट पेन के कौनसे कारण होते हैं एवं उनका निदान कैसे होगा। शिविर में डायबिटीज एवं बीपी की निशुल्क जॉच भी की गई। शिविर में 70 से अधिक व्यक्तियों द्वारा भाग लिया गया। शिविर में सर्वप्रथम संत सुन्दरदास महाराज की प्रतिमा पर फूलमाला चढ़ाकर एवं दीप प्रज्वलित किया गया। खण्डेलवाल वैश्य समाज के विभिन्न व्यक्तियों द्वारा मैट्रोमास अस्पताल के डॉ राकेश रंजन एवं अन्य टीम सदस्य रनवीर सिंह, विक्रम सिंह, मानवेन्द्र सिंह, गीता तथा खण्डेलवाल समाज की ओर से लगभग 70 व्यक्तियों द्वारा भाग लिया। इनमें प्रमुख रूप से रमेश चन्द गुप्ता, मोहन जसोरिया, राजेन्द्र मेठी, विनोद पीतलिया, अर्चना खण्डेलवाल, मलेश, सरोज लोहिया, ममता गांधी, सुमनलता आदि मौजूद रहे।

पश्चिम मध्य रेल

खुली निविदा सूचना

सं.ईएल/50/एनआईटी/28(2024-25)

दिनांकः 19.02.2025

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मंडल विधुत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्याः** ईएल/50 /239R/2024-25, **कार्य का नामः** कोटा मंडल - 05 स्टेशनों (SWM-5, BTE-1 , GGC-1, HAN-2, RMA-3) पर ABSS के तहत दिव्यांगजनों सहित यात्रियों के लिए 12 मीटर चौड़े Central FOB पर शेष 12 एस्केलेटर का प्रावधान।, **अनुमानित लागत (रू.में)** : 13,19,07,756.51, **बयाना राशि (रू.में)** : 8,09,500/-, **कार्य समाप्ति अवधि** : 18 माह, **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समयः** 12.03.2025 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे, **निविदा संख्याः** ईएल/50/238/2024-25, **कार्य का नामः** कोटाः कोटा मंडल के माल ढुलाई परीक्षण बिंदु की रखरखाव सुविधा में सुधार का प्रावधान।, **अनुमानित लागत (रू.में)** : 21,81,635.52, **बयाना राशि (रू.में)** : 43,600/-, **कार्य समाप्ति अवधिः** 03 माह, **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समयः** 12.03.2025 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे। ऑफर केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुएली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्ते अवश्य पढ़ लें।

(हस्ता.)

कृते वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

शिव पंच परिवार प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ आज

हिण्डौन सीटी । समीपवर्ती रुग्घापुरा गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा और स्व. घमंडीराम गुर्जर की चरण पादुका प्रतिष्ठा का शुभारंभ आज कलश यात्रा के साथ शुभारंभ होगा । मंदिर निर्माण में उनके सुपुत्र रामजीवन, बलिराम फौजी, वृन्दावन फौजी, पिंटू बैंसला के अथक प्रयास मेहनत और दिन रात सहयोग से करौली के कलाकारों द्वारा बहुत सुंदर रूप दिया गया है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुये भूपेन्द्र खटाना कैमरी ने बताया कि तीन दिवसीय होने जा रहे इस प्रतिष्ठा में 24 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया जायेगा 24 फरवरी को आचार्य देवेन्द्र शास्त्री जी महाराज करौली वाले के द्वारा ही श्री गणेश पूजा सहित पीठ पूजा, जलाधिवास, अन्नाधिवास कार्यक्रम, 25 फरवरी को शिव पार्वती विवाह बारात सहित महाअभिषेक, गौरी गणेश पीठ पूजा, फलाधिवास, पुष्पाधिवास और 26 फरवरी को शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा, स्व घमंडीराम जी की चरण पादुका प्रतिष्ठा, रुद्राभिषेक, रात्रि जागरण, श्री हवन पूर्णाहुति एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा ।

बजट घोषणाओं को समय पर पूर्ण करने के लिए अधिकारी

करौली । राज्य मंत्री गृह, गोपालन, पशुपालन डेयरी एवं मत्स्य विभाग राजस्थान सरकार एवं जिले के प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि बजट घोषणा 2025-26 को समयबद्ध पूर्ण करने एवं नियमित मॉनिटरिंग कर समस्त अधिकारी व कर्मचारी सक्रिय रहकर कार्य करें जिससे राज्य सरकार के द्वारा जिले मे की गई घोषणाऐं समय पर पूर्ण हो सके। उन्होंने बताया कि पूर्व में की गई 48 बजट घोषणाओं में से 9 में कार्य पूर्ण कर लिये गये है 20 में प्रगतिरत है शेष में डीपीआर तैयार कर वितीय स्वीकृति के लिये भिजवाया जाकर कार्य प्रारंभ कर दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि अन्य महत्वपूर्ण कार्यो के लिए भी बजट प्रावधान हेतु मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कि मंशानुरूप जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक में प्रभारी मंत्री ने जिले में विकास कार्यो की शुरूआत विधिवत भूमि पूजन एवं शिलन्यास समारोह के माध्यम से करने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बजट घोषणाओं को समय पर पूर्ण करने के लिए सक्रिय एवं सतर्क रह कर कार्य करने के निर्देश भी दिये। जिला प्रभारी मंत्री ने जिले मे बजट घोषणा के अंतर्गत सानिवि द्वारा की गई घोषणाओं की अब तक की प्रगति, जमीन आवंटन, शिलान्यास, वित्तीय स्वीकृति, प्रशासनिक स्वीकृति सहित अन्य कार्यो को समय पर पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। जिले में बजट घोषणा 2025-26 के अनुसार आगामी वर्ष 3311 केवी के जीएसएस का निर्माण व विद्युत लाईनों के विस्तार संबंधित कार्य करौली के ताली मासलपुर व महस्वा टोडाभीम में किये जायेंगे। आगामी वर्ष स्टेट हाईवे व अन्य सड़कों के निर्माण कार्य के तहत वारे वाले हनुमानजी से नसीर पर्वत की तलहटी होते हुए टोंका-नंदे भूमिया-देवनारायण मंदिर-सोना भूमिया-फूले की झोंपडी से परीता तक 16 करोड़ रूपये की लागत से 12 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य किया जाएगा। रोंड कलाँ गुर्जा तक 3 करोड़ 50 लाख की लागत से 5 किलोमीटर सड़क मय पुलिया का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। देवनारायण मंदिर, मूंडिया से भोलू की कोटी वायां हररूप का बेडा तक 2 करोड़ रूपये की लागत से 4 किलोमीटर की सड़क के निर्माण कार्य किये जायेंगे। कैलादेवी में रोडवेज बस स्टैण्ड संबंधी कार्य एवं विस्तार, उन्नयन का कार्य करने की घोषणा की ।

उन्होंने बताया कि टोडाभीम में नवीन औद्योगिक क्षेत्र की घोषणा की गई। इससे उद्यिमयों एवं निवेशकों के लिए बेहतर औद्योगिक वातावरण तैयार किये जाने तथा औद्योगिकीकरण की गति को तीव्र करने के लिए औद्योगिक पार्क व क्षेत्रों की स्थापना सहित अन्य आधारभूत कार्य करवाये जायेंगे। सपोटरा में युवाओं को खेल गतिविधियों हेतु प्रोत्साहित करने एवं खेलों के लिए आधारभूत ढांचा विकसित करने की दिशा में खेल स्टेडियम एवं करौली में सिंथेटिक ट्रैक,हॉल्स के तहत ठास ठाउंड की स्थापना के कार्य की घोषणा की गई।

जन जागृति रैली निकाली

गंगापुर सिटी । रविवार को निरंकारी मिशन के प्रोजेक्ट अमृत के तहत एक विशाल जन जागृति रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत सुबह 8 बजे सिंधी कॉलोनी स्थित सत्संग हॉल से हुई। मुखी बहन पुष्पा रानी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। सेवा दल संचालक विनोद कुमार बैरवा के मार्गदर्शन में सेवादार भाई-बहनों ने वर्दी पहनकर स्वच्छ जल का संदेश दिया। रैली सिंधी कॉलोनी से शुरू होकर कचहरी रोड, फव्वारा चौक, प्राइवेट बस स्टैंड होते हुए उदेई मोड फल सब्जी मंडी पर समाप्त हुई। मीडिया सहायक सपना लखवानी के अनुसार, यह अभियान संत निरंकारी मंडल द्वारा देश के 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चलाया जा रहा है। अभियान 900 से अधिक शहरों में 1600 से ज्यादा स्थानों पर एक साथ आयोजित किया गया।

विद्यार्थियों का विदाई समारोह हुआ

करौली। जिला मुख्यालय स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले उच्च माध्यमिक विद्यालय में रविवार को कक्षा 12 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेंद्र बागोरिया रहे। इस दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों का मनोरंजन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य शैलेंद्र सिंह बागोरिया संस्था निदेशक प्रेमसिंह माली,संस्था प्रधानाचार्य धर